**14-03-2023**

# एनएसआई निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन को राजभाषा शील्ड

कानपुर 13 मार्च। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से प्रदान किया गया। हिन्दी महोत्सव के दौरान दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राजभाषा शील्ड, सचिव (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) भारत सरकार द्वारा संस्थान के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन को प्रदान की गई है। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक अधिकारी एवं तत्कालीन राजभाषा प्रभारी डा. सुधांशु मोहन भी उपस्थित रहे। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, सचिव संजीव चौपड़ा ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहाकि एक तकनीकी संस्थान होते हुए भी हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य कर उन्होंने अन्य सरकारी विभागों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।



प्रो. नरेंद्र मोहन को शील्ड देते खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, सचिव संजीव चौपड़ा व अन्य।



# एनएसआई को मिला प्रथम पुरस्कार

कानपुर। एनएसआई को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रभाग, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से दिया गया। नई दिल्ली में हिन्दी महोत्सव पर समारोह में विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने संस्थान के निदेशक प्रो.नरेंद्र मोहन को सम्मानित किया। यहां संस्थान के राजभाषा प्रभारी डॉ.सुधांशु मोहन भी मौजूद रहे।

# राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए शर्करा संस्थान को मिला प्रथम पुरस्कार

नगराज दर्पण समाचार



कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। हिंदी महोत्सव के दौरान दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राजभाषा शील्ड, सचिव (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) भारत सरकार द्वारा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन को प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक अधिकारी एवं तत्कालीन राजभाषा प्रभारी डॉ सुधांशु मोहन भी उपस्थित रहे। संजीव चोपड़ा केंद्रीय सचिव सचिव ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक तकनीकी संस्थान होते हुए भी हिंदी में उल्लेखनीय कार्य कर उन्होंने अन्य सरकारी विभागों हेतु एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# हिंदी महोत्सव में एन.एस.आई. को मिला प्रथम पुरस्कार



**कानपुर (नगर छाया समाचार)।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। हिंदी महोत्सव के दौरान दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राजभाषा शील्ड, सचिव (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) भारत सरकार द्वारा संस्थान के निदेशक श्री नरेंद्र मोहन को प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक अधिकारी एवं तत्कालीन राजभाषा प्रभारी डॉ सुधांशु मोहन भी उपस्थित रहे।

श्री संजीव चोपड़ा, सचिव (खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) भारत सरकार ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक तकनीकी संस्थान होते हुए भी हिंदी में उल्लेखनीय कार्य कर उन्होंने अन्य सरकारी विभागों हेतु एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।



एनएसआइ के निदेशक नरेंद्र मोहन को शील्ड देते खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव • संस्थान

## राष्ट्रीय शर्करा संस्थान को मिली राजभाषा शील्ड

कानपुर : राष्ट्रीय शर्करा संस्थान को राजभाषा नीति के तहत संस्थान स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए केंद्र सरकार से प्रथम पुरस्कार मिला है। संस्थान के निदेशक डा नरेन्द्र मोहन ने बताया कि उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सचिव संजीव चोपड़ा ने राजभाषा शील्ड उन्हें प्रदान की है। एनएसआइ के वैज्ञानिक अधिकारी एवं तत्कालीन राजभाषा प्रभारी डा. सुधांशु मोहन भी उपस्थित रहे। वि.



## शर्करा संस्थान को मिला राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए प्रथम पुरस्कार

एनएसआई निदेशक को शील्ड देते सचिव संजीव चोपड़ा। फोटो : एसएनबी

कानपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग/मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है।

हिन्दी महोत्सव के दौरान दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राजभाषा शील्ड सचिव भारत सरकार संजीव चोपड़ा द्वारा संस्थान के निदेशक नरेन्द्र मोहन को प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्थान के वैज्ञानिक अधिकारी एवं तत्कालीन राजभाषा प्रभारी डॉ. सुधांशु मोहन भी उपस्थित रहे। सचिव संजीव चोपड़ा ने इस मौके पर संस्थान की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक तकनीकी संस्थान होते हुए भी हिन्दी में उल्लेखनीय कार्य कर संस्थान ने सरकारी विभाग के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## Links for Digital News

Kanpur Nagar : कानपुर: कल्यानपुर स्थित एनएसआई को खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिल्ली में प्रथम पुरस्कार दिया गया ।